# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (14.06.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE:14.06.2025, PAGE-06

# पीएचडी प्रवेश परीक्षा में सबसे अधिक इतिहास के लिए आये आवेदन

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पैट 2023 और 2024 की प्रवेश परीक्षा के लिए 3517 आवेदन आये हैं। आवेदन की तारीख 12 जून को खत्म हो गई। पैट में सबसे अधिक 339 आवेदन इतिहास विषय में किये गये हैं।

इसके बाद हिन्दी में 338 आवेदन आये हैं। सबसे कम परसियन में पांच और भोजपुरी में सात आवेदन आये हैं। पैट में आवेदन के बाद छात्रों को एडिट का विकल्प भी दिया जायेगा। इस विकल्प में उन्हें बताना होगा कि वह नेट पास हैं या नहीं। अगर वह नेट पास हैं तो उन्हें परीक्षा नहीं देनी होगी। परीक्षा अगले महीने होने की उम्मीद है।

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 14.06.2025, PAGE-04

# बैठक के दो महीने बाद सीनेट की प्रोसिडिंग का हुआ अनुमोदन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सीनेट की बैठक के दो महीने बाद प्रोसिडिंग का अनुमोदन हो गया है। शुक्रवार को कुलपति प्रो.डीसी राय ने इसे अप्रूव्ड कर दिया। अब विभिन्न स्टैच्युटरी बाडी की प्रोसिडिंग के साथ इसे राज्य सरकार और राजभवन भेजा जाएगा। इसके साथ ही बजट का भी अनुमोदन हो गया है।

सीनेट की प्रोसिडिंग अनुमोदित होने के साथ ही कालेजों के संबंधन प्रस्ताव की जांच के लिए निरिक्षण दल का गठन और मानक पूरे करने वाले कालेजों को संबंधन प्रदान किए जाने का रास्ता साफ हो गया है। ऐसे में नए सत्र में होने वाले नामांकन के लिए कई कालेजों का नाम पोर्टल पर जोड़ा जाएगा। कई कालेज हैं जिनमें पिछले सत्रों में स्नातक में नामांकन हुआ है, लेकिन संबंधन विस्तार पर निर्णय नहीं होने से मौजूदा सत्र 2024-28 के लिए पोर्टल पर नाम नहीं जोड़ा जा सका है।

**कालेजों के संबंधन का रास्ता साफ, दो दर्जन से अधिक वोकेशनल और सर्टिफिकेट कोर्स होंगे संचालित**

**विश्वविद्यालय में पांच स्वतंत्र विभागों की स्थापना**

- भोजपुरी
- प्रबंधन
- संगीत
- समाजशास्त्र
- विधि

### सीनेट से इन प्रस्तावों को मिली मंजूरी

- कालेजों में दो दर्जन वोकेशनल और सर्टिफिकेट कोर्स का होना था संचालन
- वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए शुल्क संरचना में वृद्धि का निर्णय
- विश्वविद्यालय बाटनी विभाग में शार्ट टर्म स्किल एन्हांसमेंट कोर्स इन कंप्यूटर एंड इंफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नालाजी और सर्टिफिकेट कोर्स इन मशरूम कल्टीवेशन एंड स्पान प्रोडक्शन की पढ़ाई
- विश्वविद्यालय पीजी रसायनशास्त्र विभाग में बीटेक इन फूड टेक्नोलाजी की पढ़ाई शुरू करने की मंजूरी।

### इन कोर्सो का पाठ्यक्रम, आर्डिनेंस-रेगुलेशन को मिली थी मंजूरी

- मास्टर आफ आर्ट्स इन रशियन
- डाक्टर आफ फिलासफी इन रशियन
- बीटेक इन फूड टेक्नोलाजी
- बीकाम (प्रोफेशनल), बीबीए (सप्लाई चेन मैनेजमेंट) और बीसीए (डाटा एनालिटिक्स)
- एमसीए (तीन वर्ष से अब दो वर्षीय पाठ्यक्रम)
- एमएससी फिश एंड फिशरीज पाठ्यक्रम (सेमेस्टर सिस्टम)
- इंटीगरल टीचर एजुकेशन प्रोग्राम कोर्स (आइटीइपी)

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:14.06.2025, PAGE-04**

**मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना : पारदर्शिता लाने के लिए लागू हुई नयी व्यवस्था**

## आधार प्रमाणीकरण के बाद ही लाभ

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के कॉलेजों से स्नातक उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं को सीएम कन्या उत्थान योजना का लाभ लेने के लिए अनिवार्य रूप से आधार प्रमाणीकरण कराना होगा. इसको लेकर बिहार सरकार के उप सचिव अमित पुष्पक ने विवि को पत्र भेजकर निर्देश दिया है. कहा है कि इस योजना के तहत अविवाहित या विवाहित स्नातक उत्तीर्ण छात्राओं को 50,000 की वित्तीय सहायता दी जाती है. सही लाभुकों को योजना का लाभ मिले, इसके लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है. वैसी अविवाहित या विवाहित छात्राएं जो मान्यता प्राप्त कॉलेजों में स्वीकृत सीटों पर दाखिला लेकर स्नातक उत्तीर्ण की हों, उन्हें योजना के लिए पात्र माना जायेगा. कहा गया है कि यदि किसी लाभार्थी के पास आधार नहीं है या उसने आधार कार्ड बनाने के लिए आवेदन नहीं किया है तो योजना से वंचित होना पड़ सकता है. वैसी छात्राओं को आधार कार्ड के लिए आवेदन करना होगा. उसकी पावती के साथ पहचान के प्रमाण के रूप में बैंक या डाकघर से जारी पासबुक फोटो के साथ, पैन कार्ड, पासपोर्ट, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा कार्ड, किसान फोटो पासबुक, ड्राइविंग लाइसेंस, गजटेड अधिकारी या तहसीलदार से जारी पहचान पत्र में से कोई एक दस्तावेज देना होगा. साथ ही इसके बाद बायोमेट्रिक सत्यापन भी करवाना होगा. बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन, चेहरे की पहचान, ओटीपी या आधार कार्ड पर मुद्रित क्यूआर कोड का उपयोग किया जायेगा.

### वोकेशनल कोर्स की छात्राएं भी हैं योजना की पात्र

बीआरएबीयू के विभिन्न कॉलेजों मे संचालित मान्यता प्राप्त वोकेशनल कोर्स में स्वीकृत सीटों पर दाखिला लेकर स्नातक उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं को भी कन्या उत्थान योजना का लाभ दिया जायेगा. अबतक वोकेशनल कोर्स से उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं को योजना का लाभ नहीं मिला है. विवि की ओर से कोर्स की मान्यता व सीटों की स्वीकृति से संबंधित कागजात उच्च शिक्षा विभाग को भेज दिया गया है.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE:14.06.2025, PAGE-04**

## सीनेट की बैठक की प्रोसीडिंग का अनुमोदन

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में दो महीने पूर्व हुई सीनेट की बैठक की प्रोसीडिंग का अनुमोदन हो गया है. कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने इसे स्वीकृति दे दी है. अब विभिन्न निकायों की प्रोसिडिंग के साथ इसे राज्य सरकार व राजभवन भेजा जाएगा. कई कॉलेजों का नाम पोर्टल पर जोड़ने और विभिन्न कॉलेजों में वोकेशनल कोर्स शुरू करने के प्रस्ताव पर शीघ्र राजभवन से स्वीकृति मिलने की उम्मीद है.